an>

Title: Issue regarding illegal mining of soil and sand at Chanan river in Bhagalpur, Bihar.

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदया, बिहार अंतर्गत भागलपुर जो मेरा गृह क्षेत्र है, बरसों मैं वहाँ से विधायक भी रहा और मंत्री भी रहा। वहाँ एक महत्वाकांक्षी एन.एच. की योजना है जिसके तहत 16.5 किलोमीटर बाय पास सड़क मेरे लगातार प्रयास और संघर्ष के बाद बन रही है। महोदया, मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि मैं अभी अपने गाँव गया था, वहाँ जो चानन नदी है, दरियापुर पंचायत के कई इलाकों में बालू और मिट्टी का अवैध खनन एन.एच. के ठेकेदारों द्वारा हो रहा है, जिससे वहाँ के किसान छटपटा रहे हैं। आपको आश्चर्य होगा कि बाढ़ से बांधों के टूटने से हज़ारों एकड़ ज़मीन जो 1959 की बाढ़ में बालू से भर गई थी, आज फिर

से वही खतरे के हालात हो गए हैं। सैकड़ों किसान बहुत परेशान हैं और वहाँ कोई सुनने वाला नहीं है। अवैध बालू और मिट्टी का खनन माफिया द्वारा, अवैध अस्त्र-शस्त्र का भंडार वहाँ इकट्ठा हो रहा है, कोई सुनने वाला नहीं है। इस पर ध्यान दिया जाए। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवं

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री अश्विनी कुमार चौबे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।